A REPORT ON NIRDHAN JAN SEWA CAMP ORGANISED AT VILL-BHARIGAHENA, BLOCK BKT OF DISTT LUCKNOW ON 25TH DEC 2023

भावना के निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित चतुर्थ शीतकालीन सहायता शिविर की प्रगति रिपोर्ट

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,दिनाँक 25-12-2023 (सोमवार) को जनपद लखनऊ,विकास खण्ड बी.के.टी.के ग्राम भरिगहना के पंचायत भवन के प्रांगण में,निर्धन व असहाय जनों की सेवार्थ, चतुर्थ शीतकालीन सहायता शिविर आयोजित किया गया जिसमे ग्राम भरिगहना,रायपुरबाबू, हालूपुर,अम्बरपुर व हंसापुरवा के ग्रामवासियों ने सहभाग किया।

शिविर में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए,संयोजक निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार की जनोपयोगी विभिन्न योजनाओं को सविस्तार बताते हुए इनसे प्राप्त होने वाले लाभ से भी अवगत कराया गया।सभी को जनसेवा केन्द्र जाकर राज्य सरकार का ई-श्रम कार्ड तथा आयुष्मान भारत योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया गया।उन्हें बताया गया कि ई-श्रम कार्ड धारक को 60 वर्ष की आयु के पश्चात् पेंशन भी मिलती है।सभा को भावना के प्रमुख महासचिव ने भी सम्बोधित किया तथा बताया कि भावना के सदस्यों/ग़ैर सदस्यों से प्राप्त योगदान से ही कम्बलों का क्रय एवं वितरण किया जाता है।इसमें कोई सरकारी अनुदान अथवा सहायता नहीं मिलती है।उन्होंने यह भी बताया कि भावना का उद्देश्य सभी को सरकार की जनोपयोगी योजनाओं से अवगत कराना है और इसके निमित्त कम्बल वितरण का आयोजन किया जाता है ताकि लोग एकत्रित हो कर जानकारी प्राप्त कर सकें।

शिविर में उपस्थित पूर्व चयनित निर्धन व असहाय वरिष्ठजन,विधवा व दिव्याँग जनों को 105 अदद नये ऊनी कम्बल दिये गये तथा भावना सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने व उपयोगी कपड़ों का वितरण किया गया।भावना के गैर सदस्य श्री ए.के.ओझा,पूर्व विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग भी अपने साथ पुराने सूती कपड़े व स्वेटर आदि लाए और उनका वितरण किया।

इस अवसर पर संयोजक निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ श्री प्रभात किरण चौरसिया,श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह,प्रमुख महासचिव भावना,श्री रामलाल गुप्ता,उपाध्यक्ष भावना,सदस्य भावना श्री सुनील कुमार उप्रेती,श्री राजदेव स्वर्णकार, श्री आदित्य प्रकाश सिंह,गैर सदस्य श्री ए.के. ओझा,प्रधान प्रतिनिधि श्री देवी बख्श सिंह,श्री अमित सिंह व अन्य अनेक भद्रजन उपस्थित रहे।

प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक

ग्राम्यांचल एवं निर्धनजन सेवा प्रकोष्ठ